This question paper contains 8 printed pages]

# HPAS (Main)—2013

# ECONOMICS

## Paper II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : **150**

*Note* :— Attempt *five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. *All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न क्र. 1 अनिवार्य है। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Discuss the growth performance of Indian economy between 2004 and 2014.

भारतीय अर्थव्यवस्था की सन् 2004 से 2014 की अवधि के दौरान हुई संवृद्धि के प्रदर्शन की विवेचना कीजिए।

(*b*) "Despite achieving high rate of economic growth Indian economy is unable to perform well in the area of poverty reduction and creating employment opportunity for the new entrant in the labour

P.T.O.

market." Comment on the above statement considering the performance of the economy in last one decade. 15,15

"भारतीय अर्थव्यवस्था उच्च आर्थिक संवृद्धि दर प्राप्त कर लेने के बावजूद गरीबी कम करने एवम् श्रम बाजार में नये शामिल होने वालों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है।" अर्थव्यवस्था के पिछले एक दशक के प्रदर्शन को देखते हुए उपर्युक्त कथन पर टिप्पणी कीजिए।

2. Do you think that growth of Indian agriculture still depends to a large extent on monsoon ? What other factors affect Indian Agricultural performance ? Do you believe that the measures undertaken by Government of India have not been sufficient for better performance of this sector ? Give reasons for your answer. 8,8,14

क्या आप सोचते हैं कि अभी भी भारतीय कृषि संवृद्धि मुख्य तौर पर मानसून पर निर्भर करती है ? भारतीय कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन को अन्य कौनसे कारक प्रभावित करते हैं ? क्या आप इस बात पर विश्वास करते हैं कि भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन हेतु उठाए गये कदम पर्याप्त नहीं रहे हैं ? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए।

3. Do you agree with the view that Indian Industry runs on the twin engines of agriculture productivity and public investment ? Give reasons in support of your answer. What factors do you think as responsible for the disappointing performance of Indian industry for last three decades ? 18,12

क्या आप इस मत से सहमत हैं कि भारतीय उद्योग कृषि उत्पादकता एवम् सार्वजनिक निवेश के दोहरे इंजन पर चलता है ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। भारतीय उद्योग के पिछले तीन दशकों के खराब प्रदर्शन के लिए आप किन कारकों को उत्तरदायी मानते हैं।

4. Inflation has been one of the main concerns for people in India in recent years; What monetary measures has Reserve Bank of India adopted in this regard ? Do you feel that the monetary policy measures adopted by RBI in recent years have not been able to control inflation ? Elaborate your answer with reasoning. 15,15

हाल के वर्षों में भारत के लोगों के लिए मुद्रास्फीति एक मुख्य चिन्ता का विषय रहा है; इस दिशा में भारतीय रिज़र्व बैंक ने कौनसे मौद्रिक उपायों का प्रयोग किया है ? क्या आप समझते हैं कि हाल के वर्षों में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लिये गये मौद्रिक नीतिगत उपाय मुद्रास्फीति को रोकने में सफल नहीं रहे हैं ? अपने उत्तर की तार्किक व्याख्या कीजिए।

5. Discuss the trends, composition and direction of foreign trade of India in last one decade. Do you think that in the post reform period India have seen significant changes

in this field ? What measure do you suggest to improve India's Current Account Deficit (CAD) which have been a major concern for the finance ministers of India in recent years ? 10,10,10

पिछले एक दशक के दौरान भारत के विदेशी व्यापार की प्रवृत्तियाँ (Trends) संरचना एवम् दिशा की विवेचना कीजिए। क्या आप समझते हैं कि भारत के आर्थिक सुधार उपरान्त (Post Reform Period) काल में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं ? भारत का चालू खाता घाटा (CAD) जो कि हाल के वर्षों के वित्त मंत्रियों की चिंता का मुख्य कारण रहा है; में सुधार के लिए आप कौनसे उपायों को सुझायेंगे ?

6. "The Green Revolution contributed a lot in achieving self sufficiency in the production of foodgrain in India but still a significant portion of the population are not getting

sufficient food." Do you agree ? Give reasons for your answer. Discuss various programmes of Government of India which aim to tackle this problem. Do you feel that India further requires more such institutional reform in order to provide sufficient foodgrain to every stomach in the country ? 15,8,7

''हरित क्रान्ति ने भारत में खाद्य उत्पादन में आत्म-निर्भरता को प्राप्त करने में काफी योगदान दिया है परन्तु अभी भी जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल रहा है''— क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए। भारत सरकार द्वारा इस समस्या से निपटने के लिए बनाये गये विभिन्न कार्यक्रमों की व्याख्या कीजिए। क्या आप महसूस करते हैं कि भारत को ऐसे और अधिक संस्थागत सुधारों की जरूरत है ताकि देश के प्रत्येक भूखे पेट को पर्याप्त खाद्यान्न प्राप्त हो सके ?

7. "India's high rate of growth has largely been enabled by sustained high rate of savings and investment and the global crisis of 2008 could not affect Indian economy to a great extent during the crisis." Do you agree ? Give reason. On the basis of above statement discuss India's downturn for last two financial years. 20,10

"भारत की ऊँची संवृद्धि दर मुख्यतया लगातार ऊँची बचत एवम् निवेश दर के द्वारा सम्भव हुई है तथा सन् 2008 का वैश्विक संकट भारतीय अर्थव्यवस्था को इस संकट के दौरान ज्यादा प्रभावित नहीं कर सका"— क्या आप सहमत हैं ? तर्क दीजिए। उपर्युक्त कथन के आधार पर भारत में पिछले दो वित्तीय वर्षों में हुई गिरावट की विवेचना कीजिए।

8. Write short notes on any *two* of the following : 15+15

(i) Foreign Portfolio Investment in India and its implication for Indian economy.

(*ii*) Indian Population and Demographic Dividend.

(*iii*) Impact of Globalization on Small Scale Industry in India.

(*iv*) Corporate Profit and Tax Revenue in India.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) विदेशी पोर्टफोलियो निवेश एवम् भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव

(*ii*) भारतीय जनसंख्या एवम् जनांकिकी लाभांश

(*iii*) भारत के लघु पैमाना उद्योग पर वैश्वीकरण का प्रभाव

(*iv*) निगम लाभ एवं भारत में कर राजस्व।